(अ) विशिष्ट शर्ते:

1. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) देवास का ओदेश क्र. 1613 दिनांक 13.05.2022 के माध्यम से उक्त खदान को 10 वर्ष की सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गई है, अतः यह पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता दिनांक 12.05.2032 तक मान्य रहेगी।
2. परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनन गतिविधि शुरू करने से पहले **कच्ची सड़क से 50** मीटर तक" **नो माइनिंग जोन"** के रूप में हरित क्षेत्र विकसित किया जायेगा एवं उक्त क्षेत्र का सीमांकन राजस्व अधिकारियों द्वारा एवं खनिज अधिकारी की उपस्थिति में किया जायेगा। परियोजना प्रस्तावक द्वारा सीमांकन के उपरांत खनन योग्य उपलब्ध क्षेत्र की पुर्नरीक्षित खनन योजना तैयार कर सक्षम प्राधिकारी से अनिवार्यतः अनुमोदन प्राप्त किया जाये।
3. परियोजना प्रस्तावक द्वारा जहा तक संभव हो परंपरागत उर्जा स्रोत की जगह नवकरणीय उर्जा का उपयोग सुनिश्चत किया जाये।
4. परियोजना प्रस्तावक द्वारा निम्नानुसार तालिका में दर्शित वृक्षारोपण कार्यक्रम के अनुसार (सतत् सिंचाई, 5 वर्ष तक मृत पौधों का बदलाव तथा खनन अवधि तक रख-रखाव के साथ) पौधों का रोपण तथा रख-रखाव लीज अवधि तक किया जावेगा।

| क्रं. | प्रस्तावित वृक्षारोपण के लिए नियत स्थान | पौधों की प्रजातियॉ | मात्रा (संख्या में) |
|---|---|---|---|
| 1. | बैरियर जोन के अंतर्गत | स्थानीय पौधों की प्रजातियां जैसेः- जंगल जलेबी, चिरोल, सीताफल, सिस्सू , खमेर पीपल, करंज, नीम आदि। | 740 |
| 2. | परिवहन मार्ग (न्यूनतम ऊँचाई 1 मीटर) | स्थानीय पौधों की प्रजातियां जैसेः- पीपल, करंज, चिरोल, पुत्रंजीवा, नीम, सिस्सू आदि। | 400 |
| 3. | ग्राम रबडिया के नजदीक स्थित प्राथमिक उपचार केंद्र में | स्थानीय पौधों की प्रजातियां जैसेः- पुत्रंजीवा, मोलश्री, संतरा, पपीता, आम, इमली, मुनगा, कटहल करंज, आवला आदि। | 50 |
| 4. | ग्राम राबडिया के पंचायत भवन परिसर में | स्थानीय पौधों की प्रजातियां जैसेः- चिरोल, मोलश्री, पुत्रंजीवा, करंज, नीम, पीपल, कदम आदि। | 80 |
| 5. | ग्राम राबडिया के शासकिय विद्यालय परिसर में | स्थानीय पौधों की प्रजातियां जैसेः- चिरोल, मोलश्री, पुत्रंजीवा, करंज, नीम, पीपल, कदम आदि। | 120 |
| 6. | ग्रामीणों में पौधो का वितरण | स्थानीय पौधों की प्रजातियां जैसेः- :- आमला, सीताफल, आम, अमरुद, अनार, कटहल , निम्बू, जामुन आदि। | 1510 |
| | | **कुल** | **2900** |

5. परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. के तहत निर्धारित बजट अनुसार निम्नलिखित गतिविधियों का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा :-

- ग्राम राबडिया के शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 02 फोल्डेबल व्हील चेयर्स एवं 01 बेड उपलब्ध करवाए जायें।

